हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 28 डिग्री



सीएचसी के महिला वार्ड में लगाए गए दो एयर कंडीशनर

4

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा ईस्टर संडे

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया-एमसीबी जिले में ईसाई समुदाय द्वारा 20 अप्रैल को ईस्टर संडे का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिले के बैकुंठपुर, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़ सहित कई क्षेत्रों में चर्चों की सजावट और विशेष आराधनाओं की तैयारियां जोरों पर हैं। विदित हो कि ईस्टर से पहले गुड फ्राइडे (18 अप्रैल) और होलि सैटरडे (19 अप्रैल) को चर्चों में उपवास, प्रभु के दुःख-स्मरण और शांति प्रार्थनाएं आयोजित की जाएंगी। ईस्टर संडे की सुबह ईस्टर विजिल और सामूहिक प्रार्थनाओं का आयोजन होगा।

### अलंकरण समारोह का आयोजन होगा आज



**मनेन्द्रगढ़।** राष्टीय सेवाभावी संस्था द एसोसिएशन ऑफ द वी क्लब ऑफ इंडिया को डिसिटक 323 -जी-3 अपराजिता के डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस एवं स्पंदन अलंकरण समारोह तथा तृतीय कैबिनेट बैठक 20 अप्रैल को मनेन्द्रगढ़ के होटल हसदेव इन में होने जा रहा है। जानकारी देते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आने वाले सभी 32 क्लबो के पदाधिकारी मुख्य अतिथि 32-33 के पूर्व गवर्नर राजकुमार अग्रवाल एवं पूर्व गवर्नर रंजना क्षेत्रपाल, वरिष्ठ लायन अजय दानोदिया, चार्टर्ड डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता अग्रवाल, चीफ एडवाइजर अंशु गोयल, डिसिटक संरक्षिका पूर्व जिला प्रेसिडेंट लता आर्या, पूर्व जिला प्रेसिडेंट रीता गुप्ता, प्रशासनिक सचिव अलका फरमानिया, सेवा गतिविधि सचिव माधुरी पंडा, जिला कोषाध्यक्ष अमरजीत कथूर, वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मनीषा सोनी, एरिया ऑफिसर पम्मी अरोड़ा, आयोजक क्लब अध्यक्ष श्वेता पोद्दार, नवरत्न माइक्रो कैबिनेट चेयरपर्सन एवं सभी क्लबो के एरिया ऑफिसर पीएसटी एवं सदस्यों की विशेष तौर पर उपस्थिति रहेंगी।

### नपा के बाबू से अभद्रता थाने में मामला दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** नपा कर्मी द्वारा अपने साथ हुए अपमानजक व्यवहार एवं गाली-गलौज करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध थाने में शिकायत कर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता नपा कर्मी बाबू सौरभ पाल ने शिकायत दर्ज कराई कि घटना दिनांक 17 अप्रैल को जब वह सुबह 10:30 बजे मानस भवन की व्यवस्था देखने गया था, जहां पर नपा के प्लेसमेंट कर्मियों के द्वारा कार्य किया जा रहा था, इसी दौरान वार्ड क्रमांक 9 निवासी आरोपी छोटेलाल आया, जिसने 14 अप्रैल को मानस भवन को आरक्षित कराया था। उसने मानस भवन की अव्यवस्था को लेकर प्रार्थी से विवाद करने लगा और गाली-गलौज की गई, इससे आहत प्रार्थी ने पुलिस में शिकायत कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की।

### खड़े ट्रक के पीछे टकराई बाइक, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** दुलदुला अंतर्गत ग्राम पकरी टोली निवासी संजय राम आ. विश्वनाथ राम (20 वर्ष) 16 अप्रैल को गांव के ही दोस्त के साथ बाइक से रायकेला की ओर गए थे। रात को दोनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही रायकेला मुख्य मार्ग तालाब के समीप पहुंचे तभी सड़क पर खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमके 1188 के पीछे टकरा गए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को कुनकुरी अस्पताल से जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने संजय की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कुमार चौक में धरना प्रदर्शन, महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू हो: विहिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर लक्षित हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद द्वारा 19 अप्रैल शनिवार को बैकुंठपुर के कुमार चौक में धरना-प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बंगाल की बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए वहां अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की गई। इस दौरान प्रमुख रुप से नरेश सोनी, शैलेष शिवहरे, अमित श्रीवास्तव, संदीप सोनी, संजय गुप्ता, सुभाष साहू, शारदा प्रसाद गुप्ता, अरविंद सिंह डब्लू, रामजी नामदेव, गोलू सिंह सहित अन्य लोग काफी संख्या में मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन के दौरान विहिप के नेताओं ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंदू समाज को निशाना बनाकर जिस तरह हिंसा फैलाई गई, वह निंदनीय ही नहीं बल्कि देश की एकता और अखंडता पर सीधा हमला है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मुर्शिदाबाद से शुरू हुई हिंसा में 200 से अधिक हिंदू घर और दुकानों को जला दिया गया, कई लोगों की हत्या हुई और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के भी मामले सामने आए हैं। राज्य सरकार न केवल असंवेदनशील बनी रही, बल्कि कई स्थानों पर प्रशासनिक तंत्र को भी मूकदर्शक पाया गया। प्रदर्शन में बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी एवं अन्य संगठनों के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि यदि केन्द्र सरकार शीघ्र कार्रवाई नहीं करती तो आने वाले समय में यह आग और भी फैल सकती है। इस दौरान पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए, दंगाइयों और षड़यंत्रकारियों पर कठोर कार्रवाई हो, पलायन कर रहे हिंदू परिवारों को सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान किया जाए समेत अन्य मांगे रखी गई।



कुमार चौक में धरना प्रदर्शन में शामिल विश्व हिंदू परिषद के नेता।

# अज्ञात कारणों से कच्चे मकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- घर का समान जलकर खाक

शहर के वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा में एक कच्चे मकान में शनिवार को दोपहर के समय आग लग गई, इससे लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर दमकल वाहन मौके पर पहुंची, तब दमकल कर्मियों ने कुछ देर की मशक्कत के बाद आग को काबू कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा निवासी प्रभा देवी जो खपरैल के मकान में अपने परिवार के साथ रहती है। घटना दिवस शनिवार को दोपहर के समय शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से घर में आग लग गई, इससे घर में रखे कई सामान जल गए। जानकारी के अनुसार घर में रखे टीव्ही, फ्रीज, कूलर, बाइक, वाशिंग मशीन, पलंग, शो केस सहित अन्य घरेलू सामान जल गया। सूचना पर दमकल वाहन मौके पर पहुंच जल्द ही आग पर काबू कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर लोगों की भीड़ जुट गई, वहीं वार्ड पार्षद भानू पाल, उपाध्यक्ष आशीष यादव, अनुराग दुबे, मोनू मांझी सहित भी मौके पर पहुंचे।







### बेटी की शादी के लिए खरीदा था सामान

प्रभा देवी अपनी बेटी के विवाह के लिए विभिन्न तरह के सामान की खरीदी कर घर में रखा था, लेकिन विवाह से पहले ही सामान जल कर खाक हो गया।

# नपं खोंगापानी में पेयजल व्यवस्था पर उठे सवाल

- उपाध्यक्ष ने रसीद कटवाने की बाध्यता समाप्त करने की मांग की

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पंचायत खोंगापानी में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गर्मी की तीव्रता बढ़ते ही नगरवासियों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस बीच नगर पंचायत उपाध्यक्ष विवेक कुमार चतुर्वेदी ने पेयजल व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई है और नगर पंचायत प्रशासन से त्वरित समाधान की मांग की है।

श्री चतुर्वेदी ने बताया कि हाल ही में नई परिषद के गठन के बाद नगर कार्यालय द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर प्राप्त करने के लिए नागरिकों को रसीद कटवाने के लिए बाध्य किया जा रहा हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर जल टैंकर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में तत्कालीन अध्यक्ष निर्मला चतुर्वेदी ने इस बाध्यता को समाप्त कर जनहित में मुफ्त जल आपूर्ति व्यवस्था लागू की थी। उपाध्यक्ष ने नगर पंचायत कार्यालय को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि गर्मी के इस संकटपूर्ण समय में तत्काल परिषद की बैठक बुलाकर जनहित में निर्णय लिया जाए तथा टैंकर वितरण की पारदर्शी और प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए। नगर के नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि नपं जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगी।

### नपा के बाबू से अभद्रता थाने में मामला दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** नपा कर्मी द्वारा अपने साथ हुए अपमानजक व्यवहार एवं गाली-गलौज करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध थाने में शिकायत कर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता नपा कर्मी बाबू सौरभ पाल ने शिकायत दर्ज कराई कि घटना दिनांक 17 अप्रैल को जब वह सुबह 10:30 बजे मानस भवन की व्यवस्था देखने गया था, जहां पर नपा के प्लेसमेंट कर्मियों के द्वारा कार्य किया जा रहा था, इसी दौरान वार्ड क्रमांक 9 निवासी आरोपी छोटेलाल आया, जिसने 14 अप्रैल को मानस भवन को आरक्षित कराया था। उसने मानस भवन की अव्यवस्था को लेकर प्रार्थी से विवाद करने लगा और गाली-गलौज की गई, इससे आहत प्रार्थी ने पुलिस में शिकायत कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की।

### जलकुंभी से पटा तालाब...



**बैकुण्ठपुर।** खरवत चौराहे के पास स्थित पुराने तालाब में जलकुंभी ऐसी पटी पड़ी है कि प्रकृति की हरी भरी सुंदरता के बीच तालाब अपना अस्तित्व ढूंढ रहा।

# मुख्यमंत्री साय से मिले नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि



सीएम से मुलाकात करते भाजपाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कोरिया जिले के जनप्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात कर मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री निवास में संपन्न इस भेंट के दौरान कोरिया जिले की विकास योजनाओं व संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर कोरिया जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, नगर पंचायत पटना की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल तथा सह जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों को जनसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है।

उन्होंने क्षेत्रीय विकास के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को जिले की समस्याओं और आवश्यकताओं से अवगत कराते हुए सहयोग का आग्रह भी किया।

# शासकीय उमा विद्यालय में हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

- दो माह से क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी

क्षेत्र में बीते दो माह से लगातार चोरो द्वारा आतंक मचाया जा रहा है। कुछ ही माह पूर्व मोटर बाइक की चोरी और जनरल स्टोर का ताला तोड़कर सामानो की चोरी लगातार हो रही हैं, ऐसे वारदात से लोगों को भय में ला दिया है, लिहाजा पुलिस भी इन्हें पकड़ पाने में नाकाम रही।

घटना की वारदात कम हुई नहीं कि कोरिया कॉलरी में बीते रात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आ गया । इस घटना में कम्प्यूटर, सीपीयू, बैटरी सहित कई अतिरिक्त समान चुरा कर भाग गए, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30000 रूपए की बताई जा रही साथ ही विद्यालय के रसोई घर का भी ताला तोड़कर मध्यानह भोजन का सामान उसे भी चुरा लिए गौरतलब है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दीवार क्षतिग्रस्त किया गया था, जिससे हमेशा चोरी होने की आशंका बनी रहती थी। विद्यालय द्वारा इसकी जानकारी कई बार प्रशासन और उच्चाधिकारियों को दी जा चुकी है, मगर हल्के में लेते हुए इसे अनदेखा किया गया। आज उसी का परिणाम है। विद्यालय के भीतर से कीमती सामान चोरी चले गए लोगों ने पुलिस गस्ति पर भी सवाल उठाए और खानापूर्ति तक का हवाला बता दिए। बात स्वभाविक भी है कि इस बीते कुछ माह में हुए चोरी का कोई चोर पुलिस से पकड़ा नहीं गया।






### घटना को लेकर पुलिस गंभीर

मैं अभी हफ्तेभर पहले पदभार संभाला है और हो रहे मामले को लेकर गंभीर हूं, और चोरी की वरदातों को रोकने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

**-सुनील सिंह,** चौकी प्रभारी कोरिया

# भाजपा जिलाध्यक्ष मिले वनमंत्री कश्यप से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- विकास और समसामयिक विषयों पर हुई चर्चा

कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने भाजपा मीडिया, आईटी सेल और सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं के साथ वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल एवं सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने श्री कश्यप को कोरिया जिले आने का न्योता दिया और जिले के वनांचल इलाकों के विकास सहित गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व के विषय पर विस्तृत चर्चा की, वनमंत्री ने टाइगर रिजर्व पर विस्तृत चर्चा की, सोनहत क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों पर पदाधिकारियों से चर्चा की। मंत्री श्री कश्यप ने जिलाध्यक्ष श्री तिवारी के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए शीघ्र ही कोरिया प्रवास कार्यक्रम बनाने की बात कही। वन मंत्री ने वन्य जीवों के संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों की भूमिका पर भी चर्चा किया और पर्यावरणीय प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए जनजागृति के लिए भी प्रयास किए जाने के लिए योजना पर कार्य की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, विवेक गुप्ता, सोनालाल राजवाड़े, शिवकांत राजवाड़े, राजेश साहू, तुलेश्वर यादव, विष्णु यादव, दिपेन्द्र राजवाड़े, सुरेश पैकरा उपस्थित रहे।



वनमंत्री केदार कश्यप से मुलाकात करते भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी।

### स्व. दीपक पटेल स्मृति रात्रिकालीन ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट

# जहां खेल होता है, वहां ऊर्जा रहती है: श्याम बिहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- चिरमिरी इलेवन बनी विजेता टीम

शहर के हाईस्कूल ग्राउंड में नगर के युवा स्व. दीपक पटेल स्मृति रात्रिकालीन ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ किया गया।

इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच चिरमिरी इलेवन और मनेन्द्रगढ़ इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें चिरमिरी इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। वहीं मनेन्द्रगढ़ इलेवन की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 1 लाख 41 हजार की राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 71 हजार रूपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट ने न केवल क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि युवाओं में उत्साह और खेल भावना का संचार भी किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा एमसीबी श्रीमती चंपादेवी पावले ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगरपालिका परिषद श्रीमती प्रतिमा यादव, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, राहुल सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव, लखनलाल श्रीवास्तव, रामचरित द्विवेदी, सुरेश श्रीवास्तव, हफीज मेमन, विनीत जायसवाल, रवि जैन, पार्षद स्वप्निल सिन्हा, जमील शाह, श्रीमती नीलू जायसवाल, श्रीमती माया सोनकर, किरण कुजूर सहित मनेन्द्रगढ़ के अन्य पत्रकार, नागरिक एवं युवा साथी काफी संख्या में मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा कि यह टूर्नामेंट स्व. दीपक पटेल की स्मृति को समर्पित रहा, जिन्होंने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का कार्य किया।

यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता रहा, बल्कि उनके जीवन मूल्यों और सामाजिक योगदान को याद करने का माध्यम भी बना। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कहा कि खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना का जो परिचय दिया, वह अत्यंत सराहनीय है। चिरमिरी इलेवन और मनेन्द्रगढ़ इलेवन ⏭ शेष पेज 4 पर



पुरस्कार प्राप्त करते विजेता टीम।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते स्वास्थ्य मंत्री।

### जोगी को मिला राशन कार्ड

**मनेन्द्रगढ़।** सुशासन तिहार की शुरूआत की गई है, जो स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुशासन तिहार से समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार का यह प्रयास सराहनीय माना जा रहा है। इसी क्रम में जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विखं भरतपुर के कर्री की निवासी निर्मला जोगी ने भी नया राशन कार्ड बनवाने के लिए 11 अप्रैल 2025 को सुशासन तिहार के अंतर्गत अपना आवेदन जनपद पंचायत में जमा की थी ,जिसका निराकरण तत्काल करते हुए 15 अप्रैल को राशन कार्ड जारी कर दिया गया। समस्या का त्वरित समाधान मिलने से निर्मला ने सुशासन तिहार की सराहना की। सुशासन तिहार-2025 का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना है। यह तीन चरणों में संपन्न होगा, जिसका प्रथम चरण समाप्त हो चुका है। द्वितीय चरण 1 माह आवेदनों का निराकरण, जो वर्तमान में चल रहा है। तृतीय चरण 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन, जहां आम जनता, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### अंबेडकर क्रांति सेना व कंवर यूथ क्लब ने किया रक्तदान

**अंबिकापुर।** रक्तदान को महा दान कहा जाता है और इसी का अनुसरण करते हुए अम्बेडकर जयंती के अवसर पर अम्बेडकर क्रांति सेना और कंवर यूथ क्लब सरगुजा के द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में समाज सेवी और असिस्टेंट ऑडियोलॉजिस्ट के नेतृत्व में रक्तदान किया गया। उन्होंने बताया कि समाज द्वारा प्रति वर्ष अम्बेडकर जयंती पर रक्तदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल से समय पर ब्लड नहीं मिलने के कारण बहुत लोगों परेशान होते है कई लोग की जान भी चली जाती है। ऐसी सूचना मिल रही थी,जो कि बहुत ही बड़ी समस्या है। इस गंभीर समस्या के निवारण के लिए समाज प्रमुखों और युवाओं ने मिलकर रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. अभिजीत जैन और डॉ. मनोज भारती की मौजूदगी में समाज के 16 युवाओं ने 16 यूनिट रक्त दान किया जबकि इसके पूर्व वर्ष 2024 में 32 यूनिट रक्तदान किया गया था। समाज का उद्देश्य है कि जरुरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके। रक्तदान के बाद सभी दानदाताओं को प्रमाण पत्र देखर सम्मानित किया गया। इस दौरान अशोक पैकरा, प्रमोद कुमार पैंकरा, सुभाष पैकरा, बिशुन दास मानिकपुरी, अशोक पैकरा, यश पैकरा, मानेश्वर सिंह, कंचनपुर, अमीर साय, गोपाल प्रसाद पैकरा, रोशन पैकरा, सुमेंद्र सिंह, राकेश पैकरा, संजीव पैकरा, प्रवीण पैकरा, अतुल पैकरा, सुमित पैकरा, अंकित पैकरा, विक्की पैकरा, रामकुमार बंछोर, विनय पावले व अन्य युवा शिविर में शामिल हुए।

### ड्रेस कोड कमेटी की दूसरी बैठक में पैसों पर अटका मामला



**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया द्वारा ड्रेस कोड निर्धारण करने के लिए गठित कमेटी की दूसरी बैठक भी बेनतीजा रही। गौरतलब है कि कोल इंडिया में गणवेश की राशि को लेकर बैठक में बात नहीं बन सकी है। दरअसल पहली बैठक में सीआईएल प्रबंधन ने इस संदर्भ में एक रिवाइज ड्राफ्ट जारी किया था। इसमें ड्रेस के लिए 10,500 रुपए निर्धारित किए जाने का जिक्र था, जबकि पहली बैठक में चर्चा हुई थी कि ड्रेस के साथ जूता, मोजा भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस हेतु 12,500 रुपए की एडवांस राशि देने की बात भी हुई थी।गुरुवार 17 अप्रैल की बैठक में प्रबंधन ने कहा कि जूता उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। इसलिए रिवाइज ड्राफ्ट 10,500 रुपए का उल्लेख किया गया था। बैठक में उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों ने 10,500 रुपए को अस्वीकार कर दिया। बताया जा रहा है कि चेयरमैन द्वारा भी इस संदर्भ में हस्तक्षेप किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। लिहाजा बैठक बेनतीजा रही। सूत्रों की मानें तो अब इसकी चर्चा उच्च स्तर पर होगी।

### अधिकारियों ने पंचायत सचिव के प्रभार से मुक्त करने की मांग



**लखनपुर।** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने पंचायत सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किए जाने हेतु पंचायत उप संचालक के नाम जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा है। बता दें किग्राम पंचायत सचिव के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से पंचायत के कई कार्य काफी प्रभावित हो रहे हैं। इस लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विशेष व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को भी ग्राम पंचायत सचिव के पद का अतिरिक्त भार सौंपा गया था अब इसका विरोध ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने किया गया। विकास खंड लखनपुर के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने पंचायत सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त रखने हेतु जनपद सीईओ लखनपुर को आवेदन सौंपा है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का कहना है कि पूरे विकास खंड में कुल 74 पंचायत में मात्र 10 कर्मचारी पदस्थ है जबकि विभागीय महत्वपूर्ण कार्य जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, एग्रीस्टेक, आगामी खरीफ फसलों की तैयारी भंडारण वितरण इत्यादि कार्य संपादित किया जा रहा है। साथ ही साथ प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा सचिवों के हड़ताल को नैतिक समर्थन दिया जा चुका है ऐसे में कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को पंचायत सचिवों के अतिरिक्त कार्यों से मुक्त किया जाए।

### आद्या बंग महिला समिति ने मनाया हिन्दू नववर्ष



**अम्बिकापुर।** आद्या बंग महिला समिति ने वृद्धाश्रम के वरिष्ठजनों एवं सन्मार्ग के बच्चों के साथ फल मिठाई बांटकर हिंदू नववर्ष मनाया। समिति ने निर्णय लिया कि मई से ग्रीष्मकालीन बंगाल भाषा का क्लास भी चलाएगी। इस अवसर पर समिति की वंदना दत्ता, लिलि बसु राय, डॉ.तृप्ति विश्वास, हेना सेन, मनोवी दत्ता, तृप्ति चाकी, राखी चक्रवर्ती, सीमा बनर्जी सोनी, संगीता मुखर्जी, अणिमा मजूमदार, मृदु छाया गुहा, सुनीता दास, रीना पाल, सरला एवं संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

रात के समय नदारद रहते हैं अधीक्षक एवं स्टाफ

# भारी अव्यवस्था के बीच संचालित हो रहा ओड़गी बालक छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

माता पिता अपने बच्चों को होस्टल में इस उद्देश्य से भेजते हैं ताकि शिक्षा और भोजन समय पर मिले जिससे शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। बच्चे नए पहलू पर कार्य कर ब्लॉक जिले और राज्य का नाम ऊंचा करें लेकिन वही जिस छात्रावास में बच्चे रहते है वहां भारी अव्यवस्था हो तो इसका असर बच्चों पर कितना पड़ेगा यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति ओड़गी बालक छात्रावास की है जहां रात के समय अधीक्षक समेत स्टाफ नदारद रहे है और बच्चों को ही भोजन सहित अन्य व्यवस्था करना पड़ता है। बीती रात जिला पंचायत सदस्य ने हॉस्टल का निरीक्षण किया तो बच्चे काम करते तथा अधीक्षक समेत स्टाफ नदारत पाए गए। जिस पर जिप सदस्य ने काफी नाराजगी जताई।

**खास बात**

- जिला पंचायत सदस्य ने रात में किया छात्रावास का निरीक्षण

बीते रात जिला पंचायत सदस्य बाबूलाल सिंह ने ओड़गी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हॉस्टल अधीक्षक समेत अन्य स्टाफ नदारद रहे वही हॉस्टल के कुछ बच्चे खुद अपने हाथों से खाना बनाते नजर आए। पूछने पर बच्चों ने बताया कि भोजन वाली सभी स्टाफ मनमानी से आते हैं और जाते हैं। ऐसे में समय पर भोजन नहीं मिल पाता। जिस जिपं सदस्य बाबूलाल सिंह ने प्रशासन से सभी को बर्खास्त करने की बात कही। इस मामले को लेकर के जिला पंचायत सदस्य बाबूलाल सिंह ने बताया कि इससे पहले की छात्रावास का निरीक्षण किया गया था उस समय भी हॉस्टल अधीक्षक नदारद मिले थे। जिस पर छात्रावास अधीक्षक के नदारद रहने की शिकायत की गई थी लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। फिर आज जब रात में निरीक्षण किया गया तो नजारत है। उन्होंने कहा कि इस तरह से छात्रावास अधीक्षक अपने कार्यो का निर्वहन कर रहे है और रात के समय नदारत रहते है तो उनके विरूद्ध कार्रवाई कर पद भार से मुक्त कर देना चाहिए। छात्रावास में भारी अव्यवस्था होने से इसका असर बच्चों पर पड़ रहा है। बच्चे रात में पढाई करने के बजाए भोजन बनाते है जिससे बच्चों के पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है।



छात्रावास के बच्चों से जानकारी लेते जिपं सदस्य।



भोजन बनाने की तैयारी करते छात्र।

**बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़**

बच्चों के भोजन साफ और व्यवस्थित हो इसके लिए छात्रावास प्रबंधन द्वारा 10 पेटियां शासकीय राशि से खरीदा गया है। हैरानी की बात तो यह है पेटियां रसोई रूम के एक कोने में पड़े शो पीस बने है। जबकि चावल, सब्जी सहित अन्य खाद्य सामग्री जमीन पर ही फेंके रहते है। बच्चों ने बताया कि जमीन पर रख चावल सहित अन्य खाद्य सामग्री को ही भोजन के लिए उपयोग किया जाता है और चावल व सब्जी की क्वालिटी भी काफी घटिया है। ऐसे में पौष्टिक भोजन नहीं मिलने से बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया रहा है।

**संभाग कमिश्नर से करेंगे शिकायत**

लापरवाह छात्रावास के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। अधीक्षक की जिम्मेदारी है कि छात्रावास में व्यवस्था सही रहे और स्टाफ समय से आए और जाए। छात्रावास की अव्यवस्था तथा अधीक्षक सहित स्टाफ के नदारद रहने की शिकायत संभाग आयुक्त से की जाएगी।

-रामकुमार बंछोर
सर्व आदिवासी प्रदेश उपाध्यक्ष



बैठक में चर्चा करते अध्यक्ष एवं सदस्य।

## जिला पंचायत ने पारित किया एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत की बैठक में गुरूवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया ने यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, उपाध्यक्ष देव नारायण यादव सहित अन्य सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे बहुमत से पारित किया।

प्रस्ताव का उद्देश्य भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा के माध्यम से लोकसभा एवं सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने की पहल की जा रही है, ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत की जा सके। प्रस्ताव में प्रशासनिक और आर्थिक दक्षता में वृद्धि, विकास कार्यों में निरंतरता, राजनीतिक स्थिरता, मतदाताओं में जागरूकता और भागीदारी, चुनावी खर्चों में कटौती जैसे मुख्य लाभ को रेखांकित किया गया है। प्रस्ताव में यह भी सुझाव दिया गया कि संसद में विधेयक पारित कर इसे कानूनी रूप दिया जाए, साथ ही चुनाव आयोग को आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह प्रस्ताव भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाएगा एवं प्रशासनिक सुचिता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेगा। जिला पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव लोकतंत्र को अधिक प्रभावी और सुचारू रूप से संचालित करने की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगा। इस दौरान जिपं सदस्य पायल सिंह तोमर, राधा रवि, विजय अग्रवाल, नान मणि पैकरा सहित अन्य सदस्य जिपं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पहाड़ी कोरवा परिवारों के स्वीकृत पीएम आवास निर्माण को रोकने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- दबंग कर रहे जमीन लूटने का प्रयास, एसडीएम से शिकायत

विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों ने दबंगों के खिलाफ मदद की गुहार लगाई है। शासकीय जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत होने के बाद भी दबंगों द्वारा उनकी जमीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में उन्होंने मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि विकास खंड के ग्राम पंचायत तूनगुरी में विशेष आरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा बैजनाथ राम आ. बुटूल, राम सिंह आ. चेतन, बाबू लाल आ. बकानिया, हीरा लाल आ. बकानिया वर्षों से शासकीय जमीन पर कब्जा कर खेती बाड़ी कर जीवन यापन करते हैं। वर्ष 2011 सर्वे सूची में गरीबी रेखा में नाम होने से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास वर्ष 2024-25 में उक्त व्यक्तियों को तीन आवास मिले है।

उक्त शासकीय भूमि पर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कराया जा रहा है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव के ही दबंगो द्वारा विशेष आरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार को डरा धमका कर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों में रोक लगा शासकीय जमीन लूटने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त मामले में पहाड़ी कोरवाओं ने एसडीएम से शिकायत की है। पहाड़ी कोरवा जनजाति के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंच कर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है।

### चलती बाइक से गिरी किशोरी, मौत

**अम्बिकापुर।** चलती बाइक से सड़क पर गिरने से गंभीर हुई किशोरी की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम गेरसा निवासी रेशमा नागवंशी आ. मगन नागवंशी (14 वर्ष) गत दिन भाई राकेश नागवंशी के साथ बाइक से मार्केट की ओर से घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार बीटीआई चौक के समीप मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी पीछे बैठी रेशमा चलती बाइक से फिसल कर सड़क पर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन किशोरी को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बैठक में मानव अधिकारों के संरक्षण पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के मुख्य आतिथ्य एवं नेशनल ह्यूमन राइट्स, एंटी क्राइम एण्ड एंटी करप्शन ब्यूरों के प्रदेश अध्यक्ष घासीदास भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष ने मानव अधिकारों की सुरक्षा के लिए सजग रहने, महिलाओं के अधिकार एवं उन्हें न्याय दिलाने जागरूकता कार्यक्रम चलाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सड़क परिवहन नियमों की अवहेलना से दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। सरगुजा में भूमि संबंधी मामलों की शिकायत सर्वाधिक है। सदस्य संबंधित विभागों से संपर्क कर ऐसे मामलों का निराकरण कराने की पहल करें। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि आम जनों के अधिकारों की सुरक्षा के साथ ही भ्रष्टाचार को रोकने के लिए हर संभव पहल की जाएगी। ऐसे मामलों की जानकारी उपलब्ध कराने तत्काल उसके निराकरण की पहल की जाएगी। बैठक को वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय एवं अजय तिवारी ने भी संबोधित किया। प्रदेश समन्वयक संतोष विश्वकर्मा ने संगठन के संभाग अध्यक्ष सुनील कुमार बंसल, महासचिव संतोष कंसारी, मीडिया प्रभारी, सियाराम तिर्की, जिलाध्यक्ष विशाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनुप प्रभात लकड़ा, सूरजपुर प्रभारी आशीष मित्तल के नियुक्ति की घोषणा की। इस दौरान बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

**एसएसपी ने मुस्तैदी से रात्रि गश्त करने वाले जवानों को किया पुरस्कृत**

## पुलिस जवानों की मुस्तैदी से पकड़ा गया बैंक में चोरी करने घुसा आरोपी

**सूरजपुर।** पुलिस जवानों की मुस्तैदी से की जा रही रात्रि गश्त के कारण उस समय बड़ी चोरी होने की घटना टल गई जब गश्त कर रहे दो जवानों ने बैंक में चोरी करने घुसे एक आरोपी को धर दबोचा। मुस्तैदी से गश्त करने पर एसएसपी ने दोनों जवानो को पुरस्कृत किया।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अपराधों की रोकथाम, बैंकों व एटीम की सुरक्षा एवं चेकिंग के लिए प्रभावी व मुस्तैदी से रात्रि गश्त करने के निर्देश पर जिले की पुलिस के जवानों की चुस्त रात्रि गश्त के कारण बैंक में चोरी करने घुसे आरोपी को गश्त जवान की मुस्तैदी से समय रहते धरदबोचा गया और एक बड़ी घटना होने से टल गई। एसएसपी ने मुस्तैदी से रात्रि गश्त करने एवं एक बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले ही आरोपी को पकड़ने पर रात्रि गश्त जवानों तथा नाईट आफिसर को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है। बीती रात थाना झिलमिली में पदस्थ आरक्षक रामसुभग रवि व सैनिक अनिल विश्वकर्मा मुस्तैदी से रात्रि गश्त करते हुए बैंक एवं एटीएम को चेक कर रहे थे। जैसे ही दोनों सेन्ट्रल बैंक शाखा झिलमिली पहुंचे और बैंक की सूक्ष्मता से मुआयना कर बैंक के पीछे पहुंचे तो दोनों ने सेंधमारी देख इसकी जानकारी से नाईट आफिसर प्रधान आरक्षक सुखनंदन सिंह श्याम को अवगत करा मौके पर बुलाया। घटना की सूचना पर एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन दलबल के साथ बैंक पहुंचे। पुलिस टीम के द्वारा पूरे बैंक की घेराबंदी कर सेंधमारी कर बैंक में चोरी की नियत से घुसे ग्राम बड़सरा निवासी दीपेश साहू आ. भैयालाल (19 वर्ष) को पकड़ा। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ई), 62 के तहत अपराध किया है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि सेन्ट्रल बैंक भैयाथान में चोरी करने का योजना बनाकर 17-18 अप्रैल की रात्रि में सब्बल, पेचकश, पलाश लेकर बाइक से आया और बाइक को खड़ा कर बैंक के अहाता फांद पीछे जाकर सब्बल से दीवाल में सेंध मारकर बैंक से पैसा चोरी के लिए घुसा था। बैंक में पैसा खोज रहा था तभी पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी के निशानदेही पर सब्बल, पेचकश, पलाश व बाइक जब्त किया है।



आरोपी।





पुरस्कृत पुलिसकर्मी व सैनिक।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**लखनपुर।** अवैध शराब बिक्री के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 17 अप्रैल को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुंवरपुर नहर मोड़ के पास एक व्यक्ति झोल में अवैध शराब लेकर बिक्री के लिए लखनपुर की ओर जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर लखनपुर के ग्राम लटोरी निवासी 25 वर्षीय नारसिंह राजवाड़े उर्फ चाकलेट आ. राम कुमार को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से 3 लेकर अवैध महुआ शराब जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।





### विधायक ने किया अजा प्रमुखजन को सम्मानित

**लखनपुर।** नगर पंचायत के सभाकक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 अप्रैल से आयोजित अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा अनुसूचित जाति समाज के प्रमुखजन को पुष्पमाला, शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि समाज के हर वर्ग का सशक्त होना ही किसी भी क्षेत्र की असली समृद्धि की पहचान है। इस प्रकार के सम्मान समारोह न केवल प्रेरणा का स्रोत होते हैं, बल्कि समाज में एकता, समरसता और सहयोग की भावना को भी बल प्रदान करते हैं। इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद नपं अध्यक्ष व पार्षदों ने पहल की सराहना की और इसे सामाजिक सौहार्द के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को न केवल सम्मान मिलता है, बल्कि उनके सामाजिक योगदान को भी मुख्यधारा में पहचान मिलती है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद, दिनेश साहू सनी बंसल, शमीम खान, राहुल अग्रवाल, दिनेश बारी, सचिन अग्रवाल, अमित अमित बारी, यतिन पांडे, पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विधायक ने फीता काटकर उद्घाटन

## सीएचसी में शुरू हुई नेत्र रोग जांच की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नेत्र संबंधी रोगों के उपचार हेतु अब नगर समेत क्षेत्र के मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी। विधायक रामकुमार टोप्पो के प्रयासों से अब नेत्र संबंधी रोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुरू हो गया है। विधायक ने इसका शुभारंभ करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य सुविधा को और ज्यादा बेहतर किया जा सके इसके लिए शासन स्तर पर मेरा प्रयास जारी है।

विदित हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र संबंधी रोगों के उपचार की व्यवस्था नही होने के कारण नगर समेत क्षेत्र के लोगों को अंबिकापुर समेत महानगरों का रुख करना पड़ता था। स्थानीय स्तर पर सुविधा नहीं होने से समय के साथ लोगों के पैसों की पैसा काफी बर्बादी होती थी। ऐसे में विधायक रामकुमार टोप्पो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र रोग संबंधी उपचार हेतु पहल शुरू की। विधायक की पहल पर स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र रोगों के उपचार की सुविधा बहाल हो गई। नेत्र रोग जांच सुविधा के शुभारंभ अवसर पर विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि हॉस्पिटल में उपचार एवं अन्य सुविधाएं बेहतर हो सके।इसके लिए मेरा शासन स्तर पर निरंतर प्रयास जारी है। भविष्य में य यहां स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर हो सके और उसका लाभ लोगों को मिल सके इसके लिए केंद्र से लेकर राज्य सरकार से निरंतर संपर्क किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र रोग संबंधी उपचार शुरू होने के पहले दिन 10 मरीजों का उपचार शुरू किया गया। मेडिकल कॉलेज की नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. रजत टोप्पो एवं उनकी टीम द्वारा इन मरीजों का उपचार किया गया। इस संबंध में बीएमओ डॉ. एस एन पैंकरा ने बताया कि नेत्ररोग संबंधी उपचार के लिए लोगो को काफी भटकना पड़ता था। अब यह सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुरू हो गई है। पहले चरण में दस मरीजों को भर्ती कर उनके नेत्र रोग का सफल उपचार किया गया। यह क्रम अब हॉस्पिटल में अनवरत जारी रहेगा।



### सिलफिली में कैबिनेट मंत्री ने किया जिम फिटनेस का शुभारंभ


**बिश्रामपुर/मदनपुर।** कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने ट्रोनेक्स जिम का सिलफिली में शुभारंभ किया। स्वास्थ्य व फिटनेस के क्षेत्र में सिलफिली ने एक और कीर्तिमान ट्रोनेक्स जिम के रूप मे स्थापित किया है।महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विधिवत पूजा अर्चना व फीता काटकर जिम का शुभारंभ किया।



इस दौरान कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर नशाखोरी जैसे बुरे आदतों से बचना चाहिए। साथ ही नियमित योग व शारीरिक व्यायाम करना चाहिए जिससे हम स्वस्थ्य व फिट रह सकें।जिम के संचालक गोपाल विश्वास ने बताया कि जिम में महिला व पुरुष दोनों के प्रशिक्षित ट्रेनर अलग अलग रहेंगे।प्रातः 5 बजे से रात 10 बजे तक जिम की सेवा चालु रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश कुशवाहा, दितेश राय, कृष्णा विश्वास, रेखा राय, बीना विश्वास, शोभा विश्वास, नूपुर विश्वास, ओम प्रकाश राजवाड़े, मनी बग्गा, सूरज कुशवाहा, शिवनारायन सिंह, संतोष कुशवाहा व अन्य उपस्थित थे।

19-APRIL- JAS-KORIYA-RAG- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/19/2025 7:50 PM Page 1





# 'ठग लाइफ' का जारी हुआ पहला गाना

**मुंबई।** कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' रिलीज होने वाली है। शुक्रवार को चेन्नई में इस फिल्म की पहली प्रेस मीट हुई। प्रेस मीट में अभिनेता कमल हासन, निर्देशक मणिरत्नम और म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान पहुंचे। शुक्रवार को फिल्म का पहला गाना 'जिंगुचा' लॉन्च किया गया। 'ठग लाइफ' पांच जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है। कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज, आर महेंद्रन और शिवा अनंत निर्मित 'ठग लाइफ' में कई बेहतरीन कलाकार भी शामिल हैं।

## लाइफ Style

# वाणी

## 'रेड 2' से संभलेगी लड़खड़ाते कॅरियर की गाड़ी

बॉलीवुड में वाणी कपूर के कॅरियर को 12 साल हो चुके हैं। अब तक इस एक्ट्रेस के खाते में चुनिंदा फिल्में ही हैं। साथ ही चंद फिल्मों में से कुछ ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। जल्द ही वाणी, अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' में दिखेंगी। जानिए, 'रेड 2' से पहले वाणी की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल रहा है? यशराज फिल्म्स की फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस(2013)' से वाणी कपूर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मनीष शर्मा निर्देशित इस फिल्म में वाणी के अलावा सुशांत सिंह राजपूत और परिणीति चोपड़ा ने भी अभिनय किया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 46.60 करोड़ रुपए कमाए और इसका बजट 22 करोड़ रुपये बताया जाता है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर 'शुद्ध देसी रोमांस'को हिट माना गया है। वाणी ने 2016 में दूसरी हिंदी फिल्म 'बेफ्रिके' भी यशराज बैनर तले ही की। इसमें वह रणवीर सिंह के साथ रोमांस करती नजर आईं। इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 60.24 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। इस फिल्म को एवरेज ही माना गया।

ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ के एक्शन से सजी फिल्म 'वॉर(2019)' में वाणी कपूर भी नजर आईं। इस फिल्म में वह ऋतिक रोशन के किरदार कबीर की गर्लफ्रेंड के रोल में दिखीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 318 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जबकि इसका बजट 170 करोड़ रुपये बताया गया है। इस तरह वाणी को ऋतिक की वजह से अपने कॅरियर में एक बड़ी हिट फिल्म मिली। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद ने निर्देशित किया था। साल 2021 में आयुष्मान खुराना के साथ वाणी कपूर ने एक फिल्म 'चंड़ीगढ़ करे आशिकी' की। इस फिल्म को अभिषेक कपूर ने निर्देशित किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# टायलर पैरी हैं दुनिया का सबसे अमीर एक्टर

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स की 2025 की बिलेनियर लिस्ट के मुताबिक, दुनिया के सबसे अमीर एक्टर टायलर पैरी हैं। एक्टर, राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर पैरी की कुल संपत्ति 1.4 बिलियन डॉलर है। अमीरों की इस लिस्ट में पैरी ने जैरी सीनफील्ड (1.1 बिलियन डॉलर), टॉम क्रूज (800 मिलियन डॉलर), शाहरुख खान (770 मिलियन डॉलर) और पूर्व रेसलर व एक्टर ड्वेन जॉनसन (700 मिलियन डॉलर) को पीछे छोड़ दिया है। लेकिन चौंकाने वाली बात है कि पैरी ने अपने फिल्मी कॅरियर में आज तक एक भी ब्लॉकबस्टर फिल्म नहीं दी है। पैरी को मेडिया फ्रेंचाइजी (सीरीज) के लिए जाना जाता, जिसमें वह अपने अहम रोल के लिए मशहूर हैं। इस सीरीज ने दुनियाभर में 660 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई की थी।




# 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में हॉलीवुड की फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसके टीजर ने जहां दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी थी, वहीं अब ट्रेलर ने हंगामा ही कर दिया है। सुपरहीरो वाली फिल्में पसंद करने वाले दर्शक इसके ट्रेलर को देखकर खुश हैं। सोशल मीडिया पर ट्रेलर को अच्छा रेस्पॉन्स भी मिला है। सुपरहीरो वाली फिल्मों को पसंद करने वाला एक बड़ा दर्शक वर्ग दुनिया ही नहीं भारत में भी मौजूद है। स्पाइड मैन, सुपरमैन, आयरन मैन जैसे सुपरहीरो पर कई हॉलीवुड फिल्में बनी हैं। इनके अलावा चार अलग-अलग सुपरहीरो को एक साथ लाकर एक फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर' भी दर्शकों को देखने को मिली। इसी सीरीज की एक फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'जल्द रिलीज होगी। यह फिल्म दुनिया भर में 25 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' का ट्रेलर रिलीज हुए चंद ही घंटे गुजरे हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया है।



# राधिका आप्टे ने शेयर किया अपनी फिल्म का पोस्टर


**मुंबई।** राधिका आप्टे ने अपने सोशल मिडिया पर अपनी फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनके अंदाज ने लोगों को चौंका दिया है। इस पोस्टर में अभिनेत्री हाथ में झाड़ और कमर साड़ी बांधे हुईं नजर आ रही हैं। अभिनेत्री राधिका आप्टे ने अपने इंस्ट्ग्राम पर एक स्टोरी लगाई है, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म 'सिस्टर मिडनाइट' का एक पोस्टर शेयर किया है। एक्ट्रेस ने जिस पोस्टर को शेयर किया है, उस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'सिस्टर मिडनाइट के यूएस टैक्सी ड्राइवर से प्रेरित आधिकारिक पोस्टर की पहली झलक।' इसके अलावा लिखा कि फिल्म का निर्देशन और लेखन का काम करण कंधारी द्वारा किया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा कि यह फिल्म 16 मई को पहले न्यूयॉर्क में फिर 23 मई को लॉस एंजिलस में और उसके बाद बाकी शहरों में रिलीज की जाएगी।



# 'केसरी चैप्टर 2' ने जीता फैंस का दिल

**मुंबई।** अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग' 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार की अनकही कहानी को पर्दे पर लाती है। जहां पहली 'केसरी' फिल्म सारागढ़ी की जंग पर आधारित थी। वहीं, दूसरा चैप्टर कोर्ट रूम ड्रामा है। फिल्म में वकील सी शंकरन नायर की ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ कानूनी लड़ाई को दिखाया गया है, जो इस दुखद घटना की सच्चाई को दुनिया के सामने लाने की कोशिश करते हैं। रघु पलट और पुष्पा पलट की किताब 'द केस दैट शुक द एम्पायर' पर आधारित यह फिल्म दर्शकों के बीच खूब चर्चा बटोर रही है। रिलीज के साथ ही 'केसरी चैप्टर 2' को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

## टीवी मसाला



# रूही की गायब होने से मची हलचल, अरमान का फूटा गुस्सा!

नई दिल्ली। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'के लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत होती है उस पल से जब अभिरा को एहसास होता है कि रूही लापता है। उसकी चिंता बढ़ती है और जैसे ही अरमान को पता चलता है, वो रूही पर गुस्सा हो जाता है कि उसने बिना बताए होटल चेकआउट क्यों किया. अभिरा, रूही के मेंटल हालात को लेकर बेचैन हो जाती है। दूसरी ओर, कीयारा अभीर के बारे में सोचती रहती है। वो उलझन में है- क्या अभीर ने उसे देखा था या नहीं? उसे डर है कि कहीं वो उसे खो न दे. जब मनीषा पूछती है कि वो अभीर के साथ खुश है या नहीं, तो कीयारा झूठ बोल देती है कि अभीर उससे बहुत प्यार करता है। तभी चारु मिलने का मैसेज भेजती है, और मनीषा को खुशी होती है कि दोनों बहनों के बीच बातचीत फिर से शुरू हो रही है। रूही अचानक पोद्दार हाउस लौट आती है, जिससे सब चौंक जाते हैं।विद्या अरमान और अभिरा से पूछती है कि वे साथ क्यों नहीं आए. दोनों झूठ बोलते हैं कि वे दक्ष को लेने गए थे और रूही अकेले लौटी. विद्या उनके छुट्टी की बातें करती है, और सब कुछ दिखावे में बदल जाता है। विद्या अरमान से कहती है कि वो रोहित के चश्मे पहने. अरमान ये सब विद्या को खुश करने के लिए करता है। इस दौरान, रूही खुद को पूरी तरह अनफिट महसूस करती है- उसे समझ नहीं आता कि उसके आस-पास क्या हो रहा है। अभिरा रूही से पूछती है कि वो इतनी परेशान क्यों है।

## डांस करते हुए पराग की यादों में टूटी ख्याति, अनुपमा को आया खास कॉल

**नई दिल्ली।** 'अनुपमा'के लेटेस्ट की शुरुआत इमोश्नल मोड़ के साथ होती है जहां अनुपमा राघव के सामने अपने दर्द को नहीं छुपा पाती. वो इशानी की चिंता में डूबी होती है। राघव उसकी हालत देखकर भावुक हो जाता है और मदद करने की सोचता है। वो इशानी की सेफ्टी के लिए जिम्मेदारी उठाते हुए, दवाओं के सपलायर को खोजने की पहल करता है। इस बीच अनुपमा को मुख्यमंत्री के पीए का कॉल आता है, जिसमें महिलाओं के एक ग्रुप को डांस सिखाने के लिए कहता है। अनुपमा इस अवसर को एक नई शुरुआत के रूप में देखती है और हां कर देती है। ये उसके आत्मबल को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम साबित हो सकता है। आर्यन पराग को नाश्ता परोसता है, जिसे देखकर राही और प्रेम हैरान रह जाते हैं। माही कोठारी परिवार से मिलने पहुंचती है, और उसकी प्रेजेंस आर्यन को अटरैक्ट करती है। जब माही नाश्ता परोसती है, वसुंधरा उसे 'बाहरी' कहकर रोक देती है। माही पलटकर कहती है कि वो अब प्रेम की भाभी है, सिर्फ मेहमान नहीं। पाखी इशानी को लेकर परेशान है, पर लीला उसे अनुपमा पर छोड़ने की सलाह देती है।



# फिल्म मेरा नाम जोकर को री एडिट करना चाहते थे मनोज

**नई दिल्ली।** मनोज कुमार, जिन्हें देशभक्ति की फिल्मों करने के कारण भारत कुमार के नाम से जाना जाता था, शोमैन राज कपूर के बहुत अच्छे दोस्त थे। हाल ही में एक इंटरव्यू में, मनोज के बेटे कुणाल गोस्वामी ने राज कपूर की फिल्म मेरा नाम जोकर को याद किया, जिसने उन्हें दिवालिया होने की कगार पर ला दिया था। कुणाल ने बताया कि मनोज ने राज कपूर को प्रस्ताव दिया था कि वह फिल्म के दूसरे भाग को एडिट करेंगे।

मेरा नाम जोकर का रनटाइम 4 घंटे से अधिक था और फिल्म को दो इंटरवल के साथ रिलीज किया गया था। मनोज ने फिल्म में एक छोटी भूमिका भी निभाई थी। कुणाल ने कहा कि यह फिल्म मनोज कुमार के दिल के उतनी ही करीब थी जितनी राज कपूर के लिए थी। राज कपूर ने ही फिल्म को शुरू से आखिर तक डायरेक्ट किया, लेकिन एडिट के बारे में दोनों सितारों के बीच बातचीत हुई। उन्होंने कहा, 'राज साहब और पिताजी के बीच कुछ बातचीत हुई थी। पिताजी ने उनसे कहा था कि आप मुझे फिल्म के दूसरे हिस्से को एडिट करने की अनुमति दें ताकि हम फिल्म का शेप बदल सकें। लेकिन, मुझे नहीं पता कि ऐसा हुआ या नहीं।



### मनोज ने की थी राज कपूर की तारीफ

एक पुराने इंटरव्यू में, मनोज ने खुलासा किया कि उन्होंने मेरा नाम जोकर में अपने किरदार के लिए कुछ लाइन्स लिखी थीं। उन्होंने कहा, 'इस तीन-कहानी वाली फिल्म की पहली कहानी पर मैंने फिर से काम किया, लेकिन मैंने इसे नाम, शोहरत या पैसे के लिए नहीं किया। मैंने अपनी यात्रा और होटल में ठहरने का खर्च उठाया और लेखक के तौर पर श्रेय लेने से इनकार कर दिया। मेरा नाम जोकर कर्मयोगी राज कपूर को मेरी श्रद्धांजलि थी। उर्दू में 'आवारा' का मतलब 'खुशबू' होता है और आज भी राज कपूर की 'खुशबू' हमारी इंद्रियों को भर देती है।'

# इन फिल्मों में दिखी इंटरनेट और सोशल मीडिया के फैले जाल की कहानी

**नई दिल्ली।** वर्तमान दौर इंटरनेट और सोशल मीडिया का है। बॉलीवुड में भी सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते वर्चस्व और इससे होने वाले खतरों को दिखाया गया है। इरफान खान के बेटे बाबिल खान की हालिया रिलीज फिल्म 'लॉगआउट'में एक बार फिर सोशल मीडिया और इंटरनेट के वर्चस्व को दिखाया गया है। लेकिन, लॉगआउट से पहले भी कई ऐसी फिल्में और सीरीज आ चुकी हैं, जिनमें इंटरनेट और सोशल मीडिया की दुनिया को दिखाया गया है।



### सीटीआरएल

पिछले साल आई अनन्या पांडे की फिल्म 'सीटीआरएल' या कंट्रोल में भी सोशल मीडिया और इंटरनेट की दुनिया को ही दिखाया गया है। सीटीआरएल की कहानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर आधारित है। कैसे दो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का पहले ब्रेकअप होता है और फिर उनकी जिंदगी में एआई आ जाता है, जो उनकी पूरी जिंदगी बदलकर रख देता है।

### लवयापा

इसी साल फरवरी में आई आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'लवयापा'भी एआई और डीपफेक पर एक करारा प्रहार है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे आजकल के दौर में सोशल मीडिया युवाओं के लिए कितना जरूरी हो गया है और वो अपने फोन के बिना नहीं रह सकते हैं। साथ ही डीपफेक पर भी फिल्म में तगड़ा कटाक्ष है।

### लॉगआउट

दिग्गज अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान की हालिया रिलीज फिल्म 'लॉगआउट' आज की जेनेरेशन के फोन में घुसे रहने और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनने की एक कहानी है। फिल्म में बाबिल एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बने हैं। जिसके 10 मिलियन फॉलोअर होने वाले हैं। ये होने पर उसे एक बड़ा ब्रांड मिल सकता है लेकिन इसका एक कंपीटीटर है जो इसी रेस में है। फिर अचानक उसके साथ कुछ ऐसा हो जाता है कि उसकी जिंदगी बदल जाती है। उसका सब कुछ दांव पर लग जाता है।

# रामायण में मंथरा के नाम से प्रसिद्ध नेगेटिव रोल ऐसा कि दंग रह जाते थे लोग

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री 700 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। उनके नाम 70 साल से अधिक के सबसे लंबे अभिनय कॅरियर का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है। सिनेमा की एक ऐसी अभिनेत्री, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से लाखों दिलों पर राज किया।

### ललिता पवार का जन्म

ललिता पवार का जन्म 18 अप्रैल 1916 को महाराष्ट्र के नासिक में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर में करीब 700 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और सात दशकों तक दर्शकों का मनोरंजन किया।

### शूटिंग के दौरान हुआ हादसा

ललिता पवार ने नन्हीं उम्र से ही अभिनय शुरू कर दिया था। उनकी पहली फिल्म 1928 में आई थी। शुरू में वह मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आईं, लेकिन 1942 में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए हादसे ने उनकी जिंदगी बदल दी। इस हादसे में उनकी एक आंख खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें मुख्य भूमिकाओं के बजाय चरित्र भूमिकाएं मिलने लगीं।



### खलनायिका के किरदार में की मिली प्रसिद्धि

ललिता पवार को सबसे ज्यादा पहचान तेज तर्रार सास और नकारात्मक किरदारों से मिली। फिल्मों जैसे अनाड़ी, श्री 420, और दहेज में उनके किरदारों को आज भी याद किया जाता है। उन्हें अपने अभिनय के लिए कई पुरस्कार भी मिले, जिसमें 1959 में अनाड़ी के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री पुरस्कार शामिल है।

### लोग करने लगे थे नफरत

ललिता पवार ने रामानंद सागर के टीवी सीरियल 'रामायण' में मंथरा का किरदार निभाया था। उन्होंने यह भूमिका 1988 में प्रसारित हुए रामायण में निभाई थी। इस रोल के लिए उन्हें खूब पहचान मिली। रामानंद सागर की रामायण में मंथरा का किरदार इतना दमदार था, कि लोग उनसे असल जिंदगी में भी नफरत करने लगे थे। आज भी दर्शक उन्हें मंथरा के किरदार से ज्यादा पहचानते हैं।


### परिवार

उनकी पहली शादी गणपतराव पवार से हुई थी, जो बाद में टूट गई। बाद में उन्होंने बॉम्बे के अंबिका स्टूडियो के फिल्म निर्माता राजप्रकाश गुप्ता से शादी की। उनके बेटे जय पवार एक निर्माता बन गए और उनके साथ मंजिल जैसी फिल्मों में काम किया।

### निधन

ललिता पवार का निधन 24 फरवरी 1998 को पुणे में हुआ, लेकिन उनके किरदारों के जरिए वह आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं।

# जाट की पकड़ बरकरार सिकंदर का खेल खत्म



**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर तीन बड़ी फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं। इनमें 'जाट' अपनी मजबूत पकड़ के साथ बाजी मार रही है। इस एक्शन से भरपूर फिल्म ने दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाई है और मजबूती से टिकट खिड़की पर टिकी हुई है। दूसरी ओर, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' अपने बड़े बजट के हिसाब से उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। हालांकि, यह स्थिर कमाई कर रही है। वहीं, सलमान खान की 'सिकंदर' का हाल बेहाल है, जिसकी कमाई अब लगभग ठप हो चुकी है। 'जाट' ने अपनी रिलीज के बाद से ही दर्शकों का ध्यान खींचा है। गुरुवार को फिल्म ने चार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन 61.5 करोड़ रुपए हो गया है। फिल्म की कहानी, दमदार एक्शन सीक्वेंस और किरदारों की गहराई ने इसे दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनाया है। सलमान खान की 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह से दम तोड़ चुकी है। 19वें दिन फिल्म ने मात्र 15 लाख रुपए का कलेक्शन किया, जिसके साथ इसकी कुल कमाई 109.9 करोड़ रुपए हो गई है। सलमान के स्टारडम को देखते हुए यह प्रदर्शन निराशाजनक है। कमजोर स्क्रिप्ट और दिशाहीन कहानी ने फिल्म को शुरुआत से ही नुकसान पहुंचाया। बॉक्स ऑफिस पर यह इस साल की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बन चुकी है। 'गुड बैड अग्ली' ने अपने आठवें दिन यानी गुरुवार को पांच करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।

19-APRIL- KORIYA- Bhoomi pg-4_Layout 1 4/19/2025 9:09 PM Page 1




# फैटी लिवर बनी समस्या, सरगुजा में बड़ी संख्या में सामने आ रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दौडभाग भरी जिन्दगी में इन दिनों बड़ी संख्या में लोग लिवर की समस्या से जूझ रहे है। अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लिवर से संबंधित मरीज सामने आ रहे है और ज्यादातर लोगों को फैटी लिवर की शिकायत आ रही है। फैटी लिवर इन दिनों समाज में बड़ी विकराल समस्या बन चुकी है लेकिन बड़ी बात यह है कि लिवर की बीमारी को अपने खान पान से ठीक करने के साथ ही अपने लिवर को मजबूत किया जा सकता है। विश्व लिवर दिवस पर हरिभूमि ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के गैर संचारी बीमरी नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता से बात की।

■ संतुलित खानपान और परहेज से किया जा सकता है यकृत को मजबूत

बता दें कि 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लिवर से जुडी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है और वर्तमान में फैटी लिवर के बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी बड़ी संख्या में ऐसे मरीज आ रहे है जो फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहे है। ज्यादातर लोगों को टाइप 1 व टाइप 2 का फैटी लिवर है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। लिवर की बीमारी पर दवाओं का कोई खास असर नहीं होता है और इसे खान पान से ही ठीक किया जा सकता है लेकिन वर्तमान में इस बीमारी को गंभीरता से लेने की जरूरत है और ऐसा इसलिए क्यों कि फैटी लिवर से आने वाले समय में लिवर का कैंसर होने की संभावना रहती है। इसके साथ ही




हेपेटाइटिस बी के मरीजों को भी लिवर का कैंसर होने की संभावना रहती है। दुनिया भर में हर साल लगभग 20 लाख लोग लीवर की बीमारियों के कारण मरते हैं और कैंसर से होने वाली मौतों में 3.5 प्रतिशत मौत लिवर कैंसर के कारण होती है। इसका मुख्य कारण शराब है। शराब पीने से लिवर पर असर पड़ता है इसके साथ ही दर्द निवारक दवाओं का सेवन भी लिवर पर बुरा प्रभाव डालता है। अनियमित खानपान और बढ़ता मोटापा भी फैटी लिवर का एक कारण है और इसके प्रति लोगों में जागरूकता की कमी है। मोटापा व शुगर की बीमारी आम होने से लिवर में सामान्य कोशिका फैटी लीवर बदल जाती है व हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा के लिए जोखिम कारक माना जाता है जबकि वायरल हेपेटाइटिस से लीवर खराब होने की संख्या में बढोत्तरी लगातार हो रही है।

## भोजन ही दवा

डॉ. गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष विश्व लिवर दिवस की थीम भोजन ही दवा है। ऐसा इसलिए क्यों कि खान पान से काफी हद तक लिवर को मजबूत किया जा सकता है। भोजन ही दवा है थीम यह थीम लिवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने और संपूर्ण खाद्य पदार्थों से भरपूर संतुलित आहार के माध्यम से लिवर की बीमारियों को रोकने में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। आहार में परिवर्तन लाने से लिवर की कार्य क्षमता प्रतिकूल परिस्थिति में बढ़ाया जा सकता है। लोगों को अपने खाने में तेल-वसा, मिर्च मसाला का सेवन कम करना होगा। शराब और दर्द निवारक दवाओं के सेवन से परहेज करने से मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि यकृत मानव शरीर में दूसरा सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण अंग होने है। यकृत हमारे शरीर में पाचन, विषाक्त पदार्थों का नष्टीकरण, विटामिन, खनिज, ग्लूकोज आदि का भंडार करता है। हालांकि यकृत में स्वरक्षा की अनूठी विशेषता है, जहां यह 60 से 70 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त होने के बाद परहेज से फिर से विकसित या पुनर्जीवित हो सकता है।

### इन बातों का रखें ख्याल

फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहे लोगों को कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यकृत मानव शरीर का विषहरण करने वाला प्राथमिक अंग है इसे स्वस्थ बनाए रखने के लिए लोगों को प्रोटीन और फाइबर से भरपूर एवं संतुलित आहार लेना चाहिए। इसके साथ ही तनाव कम करने के लिए नियमित व्यायाम करें। शराब और धूम्रपान से दूर रहें। लोगों को स्व चिकित्सा से परहेज करना चाहिए यानी कि स्वयं से कोई भी दवा का सेवन ना करें। स्वस्थ यकृत के लिए स्वस्थ वजन बनाए रखे।

### मिल रहे मरीज

सरगुजा में भी बड़ी संख्या में फैटी लिवर के मरीज सामने आ रहे है। टाइप 1 और 2 के फैटी लिवर मरीजों को घबराने की जरूरत नहीं है। वे अपने खान पान को संतुलित कर यकृत को मजबूत कर सकते है। फैटी लिवर वाले मरीजों को शराब, धूम्रपान और दर्द निवारक दवाओं से परहेज करना चाहिए। चिकित्सकीय परामर्श के बाद ही दवाओं का सेवन करें।

**डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता**, नोडल अधिकारी गैर संचारी बीमारी नियंत्रण प्रकोष्ठ

## खबर संक्षेप

### महागिरिजाघर में हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान



**अंबिकापुर।** मसीही समाज द्वारा पुण्य शुक्रवार का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान समाज महागिरजाघर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। गुड फ्राइडे के अवसर पर गिरजाघर में क्रूस रास्ता सहित एनी अनुष्ठान हुए जिसमें हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। बता दें कि मसीही समाज पवित्र सप्ताह गुडफ्राइडे के दिन यीशु को क्रुसित कर सूली पर चढ़ाये जाने के दिन को याद कर भक्ति आराधना में लीन हैं। गुडफ्राइडे के अवसर पर नवापारा स्थित बेदाग ईश माता महागिरिजाघर में परम्परागत ढंग से विविध धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। पुण्य शुक्रवार के समस्त धार्मिक अनुष्ठान अम्बिकापुर धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में फादर विलियम उर्रे व पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर ने संयुक्त रूप से सम्पन्न कराए। आज के दिन ही राजा पिलातयूस ने प्रभु यीशु को मृत्यु दण्ड की सजा सुनाकर यीशु के ही कंधे पर क्रूस लादकर उन्हें कलवारी पहाड़ ले जाने का आदेश दिया था और उन्हें सूली पर चढ़ा दिया गया था। प्रभु येशु ने जिस तरह दुखभोग किया उन्ही पलों को याद कर दोपहर 2 बजे से क्रूस रास्ता कार्यक्रम पटेल पारा के अगुवाई में चौदह पारा टोलों के लोगों ने क्रमवार मिलकर सम्पन्न कराया।

### ताला तोड़ नकदी समेत सामान पार

**प्रतापपुर।** बीती रात चोरों ने बस स्टैंड स्थित दो गुमटियों का ताला तोड़ कुछ नगदी समेत सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी उस समय लगी जब आज सुबह गुमटी संचालक दुकान खोलने आए तो देखा गुमटी का ताला टूटा तथा सामान बिखरे हुए थे। चोरों ने एक दुकान से अंडा खाया एवं खुदरा पैसा व कुछ अंडों को घर ले गए वही दूसरे सद्दाम फल दुकान में रखे हुए फलों को खाएं और फल को भी चोरों ने घर ले गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि संदिग्धों पर निगरानी रखी जा रही है।

### ऑपरेटरों को नियमित वेतन नहीं मिलने से परेशानी

**बिश्रामपुर।** आमजन को सभी मौसम में विद्युत आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने वाले विद्युत विभाग के सहायक ऑपरेटरों को नियमित रूप से वेतन नहीं मिलने से आर्थिक तंगी के दौर से गुजरना पड़ रहा है। ठेकेदार की मनमानी से विद्युत सहायक ऑपरेटरों को परिवार का बेहतर तरीके से भरन पोषण करने में काफी कठिनाई हो रही है। गौरतलब है कि विद्युत विभाग द्वारा अधिकांश सब स्टेशनों में ठेकेदारी प्रथा लागू करके विद्युत सहायक ऑपरेटरों की भर्ती कराकर कार्य का संचालन कराया जा रहा है। ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में ठेका प्रथा के विद्युत सहायक ऑपरेटरों द्वारा अपने कार्यों को बखूबी निभाया जा रहा है लेकिन उन्हें नियमति रूप से वेतन नहीं मिलने की वजह से ठेका कर्मियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि सुरजपुर जिले में स्थित विद्युत सब स्टेशनों में करीब एक सौ बीस विद्युत सहायक ऑपरेटरों द्वारा अपने जिम्मेदारी का निर्वहन किया जा रहा है, पिछले दो तीन महीने से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने की वजह से उन्हें अपने परिवार का जीविकोपार्जन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से ठेका कर्मियों में नाराजगी व्याप्त है।

## पैसों की लेनदेन से जुड़ा मामला

# होटल के कमरे में फांसी पर झूलता मिला कारोबारी का शव, साथ था सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के होटल में व्यवसायी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। व्यवसायी मूलत : सीतापुर का रहने वाला है और शहर में रहकर कपड़ा दुकान संचालित करता है। शुक्रवार की सुबह व्यवसायी का शव होटल के कमरे में फांसी से लटका मिला। इस घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस के साथ ही फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची और कमरे को खोलकर शव को नीचे उतारा। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन व्यवसायी आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और कर्ज में डूबा हुआ था। पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

**खास बात**

■ आर्थिक तंगी से जूझ रहा था व्यवसायी, परिजन ने की जांच की मांग

बताया जा रहा है कि मूलतः सीतापुर पुरानी बस्ती निवासी 32 वर्षीय मनीष कुमार गुप्ता आ. इश्वर गुप्ता विगत तीन वर्षों से शहर के कन्या परिसर रोड में रहकर कपड़े का व्यवसाय कर रहे थे। मनीष कुमार गुप्ता की कपड़े की दुकान संचालित है। 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे व्यवसायी मनीष गुप्ता घर से निकले थे इस दौरान उन्होंने अपनी पत्नी को बताया था कि उन्होंने अग्रसेन चौक के पास स्थित दुकान मनोज गारमेंट्स में 4.80 लाख रूपए का आरटीजीएस किया है और दोपहर 2 बजे तक दुकान का कपड़ा आ जाएगा। इस दौरान वे अपने ससुराल भी गए और साले संजय साहू को बताया कि उन्होंने कपड़े के लिए भुगतान कर दिया है। इसके बाद वे ससुराल से अपने घर जाने के नाम पर निकल गए लेकिन वे देर शाम तक घर नहीं पहुंचे। जब पति घर नहीं पहुंचे तो पत्नी ने फोन लगाना शुरू किया लेकिन ना ही मनीष गुप्ता ने फोन उठाया और ना ही मैसेज का जवाब दिया ऐसे में मनीष गुप्ता की पत्नी ने अपने भाई को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद संजय साहू ने अपने स्तर पर पता करने के बाद रात को 11.30 बजे थाने में जाकर सूचना दी। इस दौरान वे देर रात तक साइबर थाना और कंट्रोल रूम का चक्कर लगाते रहे। इस बीच पुलिस ने उन्हें अगले दिन आने की जानकारी दी। शुक्रवार की सुबह जब वे थाने पहुंचे तो दस मिनट बाद उन्हें सूचना मिली कि मनीष गुप्ता ने होटल के कमरे में आत्महत्या कर ली है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस, इनसेट में मृतक।

### तबीयत खराब होने की बात कहकर लिया कमरा

इधर इस मामले में अब जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार मनीष गुप्ता 12 अप्रैल की दोपहर 12 बजे प्रतीक्षा बस स्टैंड के पीछे स्थित होटल एसआर इन में पहुंचे थे। मनीष गुप्ता ने होटल में मौजूद कर्मचारी को अपना सीतापुर का पता बताते हुए होटल में एक कमरा बुक किया। इस दौरान अंबिकापुर आने का कारण उन्होंने सीने में दर्द के कारण डॉक्टर से उपचार करना बताया था। होटल में वे कमरा नम्बर 103 में जाकर रुके थे। इस दौरान उन्होंने होटल में बुकिंग का पेमेंट नहीं किया था। शाम व रात को को जब होटल के मैनेजर ने पेमेंट के लिए मनीष गुप्ता को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया और ना ही कमरे से बाहर निकले। होटल के कर्मचारियों ने सोंचा की तबीयत खराब होने के कारण वे सो रहे है लेकिन शुक्रवार की सुबह जब पुनः उन्होंने पेमेंट के लिए फोन किया तो फोन नहीं उठा। ऐसे में कर्मचारियों ने बगल में मौजूद कमरा नम्बर 104 की खिड़की से झांककर देखा तो वे फांसी पर झूल रहे थे जिसके बाद होटल प्रबन्धन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस व फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची थी और जब पुलिस कमरे में दाखिल हुई तो व्यवसायी फांसी पर झूल रहा था। पुलिस द्वारा मर्ग पंचनामा उपरान्त शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### आर्थिक तंगी और पैसों के लेनदेन का जिक्र

घटनास्थल से पुलिस को मनीष गुप्ता का एक सुसाइड नोट मिला है। इस सुसाईड नोट से कोई खास जानकारी तो सामने नहीं आई है लेकिन बताया जा रहा है कि मृतक आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और उसपर कर्ज का बोझ था। सुसाईड नोट में उसने अपने 12 वर्षीय बेटे का जिक्र करते हुए लिखा कि तुम अच्छे से रहना। व्यवसायी की मौत के बाद परिजन सदमे में है। मृतक के परिजन संजय साहू का कहना है कि पूर्व में मृतक कोयला कारोबारी के यहां काम करता था और उनसे रुपयों के लेनदेन का कोई मामला भी था जिसे लेकर उन्हें परेशान किया जा रहा था। परिजन ने इस मामले की जांच व आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की मांग की है।

### चल रही है जांच

प्रथम दृष्टया मामला पैसों की लेनदेन का नजर आ रहा है। इसे लेकर व्यवसायी तनाव में था। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है। इस मामले की गहनता से जांच की जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

-**अमोलक सिंह ढिल्लो**, एएसपी

# सीएचसी के महिला वार्ड में लगाए गए दो एयर कंडीशनर



वार्ड में लगा एसी।

**मनेन्द्रगढ़।** भीषण गर्मी में जहां आमजन त्रस्त हैं, वहीं मनेन्द्रगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में भर्ती मरीजों को अब कुछ राहत महसूस हो रही है। यह राहत संभव हो सकी है। स्व. गणेशमल दुग्गड़ की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र गौतम दुग्गड़ एवं उत्तम दुग्गड़ द्वारा किए गए एक मानवीय कार्य के कारण।

सेवा भावना से प्रेरित होकर दुग्गड़ परिवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ के महिला वार्ड में दो एसी लगवाए हैं, जिससे अब महिला मरीजों को गर्मी के इस कठिन समय में अत्यंत राहत मिल रही है। यह पहल न केवल मरीजों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है, बल्कि अन्य समाजसेवियों के लिए भी एक प्रेरणा बन रही है। अस्पताल प्रशासन एवं नगरवासियों ने दुग्गड़ परिवार के इस कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीजों की सुविधा के लिए ऐसे सहयोग की आज के समय में अत्यधिक आवश्यकता है, और यदि अन्य दानदाता भी इसी तरह से आगे आएं, तो स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाया जा सकता है। स्व. गणेशमल दुग्गड़ अपने जीवनकाल में सेवा, सादगी और सामाजिक सहयोग के लिए जाने जाते थे। उनके पुत्रों द्वारा उनके दिखाए गए मार्ग पर चलना न केवल उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि समाज को भी सेवा का एक सकारात्मक संदेश देता है।

### नेशनल लोक अदालत 10 मई को

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा निर्देशन में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित है। लोक अदालत की तैयारी को लेकर श्रीमती विनीता वार्नर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मानवेन्द्र सिंह, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डी.एस.बघेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिले में संचालित समस्त बैंक अधिकारी, दूरसंचार विभाग उपस्थित रहे। बैठक में 10 मई होने वाली लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरण रखे जाने तथा उनके निराकरण किए जाने पर चर्चा की गई। आगामी लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में आयोजित होंगे ।

### सांसद की पुत्री के विवाह में शामिल हुए सीएम ...



अंबिकापुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के पुत्री के विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सीएम ने सांसद की पुत्री को आशीर्वाद प्रदान किया।

# च्वाइस सेंटर से मोबाइल चोरी पुलिसकर्मी पर लगा आरोप

**अंबिकापुर।** शहर के गांधी चौक पर स्थित च्वाइस सेंटर से चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है। च्वाइस सेंटर से हुई मोबाइल चोरी के मामले में आरक्षक पर पर गंभीर आरोप लगा है। च्वाइस सेंटर संचालक ने इस मामले की शिकायत एसपी से करते हुए मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

युवक का आरोप है कि सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और एक महीना बीत जाने के बाद भी की कार्रवाई नहीं हुई है। बता दें कि मूलतः सूरजपुर के चंदौरा अंतर्गत रेवटी रामपुर निवासी राजू कुमार देवांगन शहर के सुभाष नगर में रहता है और गांधी चौक पर एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करता है।

युवक का कहना है कि 17 मार्च को जब वह दुकान में बैठकर काम कर रहा था तो एक आरक्षक दुकान में आया और अपना मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए दिया। उक्त मोबाइल फोन का चार्जर नहीं होने पर उसने मोबाइल पुलिसकर्मी को वापस लौटाते हुए काउंटर पर रखा। पुलिसकर्मी के मोबाइल फोन के बगल में ही राजू देवांगन का मोबाइल फोन भी था। युवक का आरोप है कि पुलिसकर्मी अपने फोन के बदले उसका फोन लेकर चला गया और दस मिनट के बाद वापस आकर फिर से अपना फोन मागने लगा जिसपर युवक ने आरक्षक को उसका फोन लौटाया लेकिन बाद में उसे एहसास हुआ कि उसका ही मोबाइल फोन गायब है तो उसने खोजबीन शुरू की। इस दौरान जब राजू देवांगन ने सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो उसके होश उड़ गए। काउन्टर पर रखे राजू देवांगन के मोबाइल फोन को पुलिसकर्मी उठाकर ले गया था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जहां खेल होता...

दोनों ही टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस अवसर पर विजेता टीम को बधाई और उपविजेता टीम को भी शुभकामनाएं देती हूं क्योंकि खेल में जीत-हार से ऊपर होता है, सम्मानपूर्वक भाग लेना। भाजपा नेता सरजू यादव ने कहा कि मैं मंच से यह भी कहना चाहता हूं कि इस तरह के आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखते हैं, खेलों से जोड़ते हैं और एक सकारात्मक समाज के निर्माण की ओर कदम बढ़ाते हैं। मैं आयोजन समिति और सभी युवा साथियों को सलाम करता हूं, जिन्होंने इतनी मेहनत, समर्पण और सहयोग से इस टूर्नामेंट को सफल बनाया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि खेल से बढ़कर कोई साधना नहीं, खेलों से बेहतर कोई प्रेरणा नहीं। जहां खेल होता हैं, वहां ऊर्जा होती है और जहां युवा खेलते हैं,वहां भविष्य खिलते हैं। प्रतियोगिता में एम्पायर के रूप में भूपेन्द्र भंडारकर, प्रभात गिरि एवं कॉमेंटेटर के रूप में रामचरित द्विवेदी व बिलाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम आयोजक कन्हैया सिंह, कमेटी मेंबर विकाश शाह, मोहन गुप्ता, गोलू रैना, भूपेन्द्र भंडारकर, अभय तिवारी, मो. आमिर, सौरभ ताम्रकार, रवि सिंह, आकाश रजक, अभिषेक, नवीन, आकाश, गोलू, हेमंत, टीपू, राधे महंत, पप्पू, राजेश रजक, पारेस, राहुल, याकूब, नयन, कमल, अनूज, असीमित, बसंत, फैजान, मनीष, नागेश्वर, नूरेश, रमेश, संतोष, सागर, सलेम, समीर, अंकित, संदीप, संजय, अंशु, विशाल, यूसुफ, यासिर, राहुल पूरी, आयुष, जगजीत, आकाश, मनोज, गणेश, राजा, विशाल शाह, छोटा प्रकाश सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।







अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

